भारत सरकार

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1493

दिनांक 25 जुलाई 2017 के लिए प्रश्न

विषय: पशुधन में कमी

1493. श्रीमती मौसम नूरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि पिछले कुछ वर्षों में पशुधन की संख्या में महत्वपूर्ण कमी आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या हाल में कोई पशुधन गणना आयोजित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और परिणाम क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा सम्पूर्ण देश में पशुधन की संख्या बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

श्री सुदर्शन भगत

(क) पशुधन संगणना-2007 (529.70 मिलियन) और पशुधन संगणना-2012 (512.06 मिलियन) के बीच कुल पशुधन जनसंख्या में लगभग 3.33 प्रतिशत की मामूली सी कमी हुई है।

(ख) पशुधन संगणना का आयोजन प्रत्येक पांच वर्ष में एक बार किया जाता है। नवीनतम पशुधन संगणना वर्ष 2012 के दौरान सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से आयोजित की गई है। पशुधन प्रजातियां नामत: गोपशु, भैंसे, भेड़, सुअर, घोड़े और (टट्टू), खच्चर, गधे, ऊंट और मिथुन तथा याक संगणना में शामिल है। पशुधन के आलावा, कुक्कुट जनसंख्या को भी पशुधन संगणना-2012 में कवर किया गया था। पशुधन की कुछ प्रमुख प्रजातियॉ के संबंध में प्रमुख निष्कर्ष नीचे दिये गये हैं:

i. देश में कुल पशुधन संख्या 512.06 मिलियन है।
ii. देश में गोपशु और भैंसों समेत कुल बोवाईन संख्या लगभग 299.98 मिलियन है जिसका कुल पशुधन संख्या में 59 प्रतिशत का योगदान है।
iii. गोपशु की कुल संख्या 190.90 मिलियन है जो कुल पशुधन संख्या का 37.28 प्रतिशत है।
iv. भैंसों की कुल संख्या 108.70 मिलियन है जो कुल पशुधन संख्या का 21.23 प्रतिशत है।
v. भेड़ों की कुल संख्या 65.06 मिलियन है जो कुल पशुधन संख्या का 12.71 प्रतिशत है।
vi. बकरियों की कुल संख्या 135.17 मिलियन है जो कुल पशुधन संख्या का 26.40 प्रतिशत है।
vii. सुअर की कुल संख्या 10.29 मिलियन है जो कुल पशुधन संख्या का 2.01 प्रतिशत है।

(ग) केन्द्र सरकार पशुपालन को बढ़ावा देने समेत पशुधन संख्या को बढ़ाने के लिए निम्नलिखित प्रमुख योजनाओं के जरिये राज्यों की सहायता करती है।

i. पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम
ii. राष्ट्रीय गोकुल मिशन
iii. राष्ट्रीय बोवाईन प्रजनन कार्यक्रम
iv. राष्ट्रीय बोवाईन प्रजनन मिशन (एनएमबीपी)
v. राष्ट्रीय डेयरी योजना-I
vi. केन्द्रीय गोपशु प्रजनन फार्म (सीसीबीएफ)
vii. केन्द्रीय हिमित वीर्य उत्पादन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीएफएसपी एंड टीआई)
viii. केन्द्रीय यूथ पंजीकरण योजना (सीएचआरएस)
ix. राष्ट्रीय पशु मिशन